भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 140

दिनांक 18 **जुलाई**, 2022

एलपीजी के मूल्य में वृद्धि

140#. **श्री नीरज डांगी**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एलपीजी की कीमतों में विगत तीन वर्षों से निरंतर वृद्धि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो एलपीजी के मूल्य में इस हद तक की वृद्धि करने के क्या कारण हैं;

(ग) सरकार द्वारा एलपीजी के मूल्य को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश में एलपीजी की कीमतों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): देश में पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में संबंधित उत्पादों के मूल्यों से जुड़े हैं। भारत अपनी एलपीजी की जरूरत का 55% से अधिक का आयात करता है। देश में एलपीजी के मूल्य सऊदी संविदागत मूल्य (सीपी) पर आधारित हैं, जो एलपीजी के संबंध में अंतरराष्ट्रीय मूल्यों के लिए बेंचमार्क है। अप्रैल, 2020 से जून, 2022 तक सऊदी सीपी में लगभग 218% की वृद्धि हुई है (236 अमरीकी डालर/एमटी से 750 अमरीकी डालर/एमटी)। तथापि, घरेलू एलपीजी के संबंध में, सरकार उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी मूल्य को आवश्यकतानुसार घटाती बढ़ाती रहती है। इसके अलावा, सरकार ने वर्ष 2022-23 के लिए प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) लाभार्थियों के लिए एक वर्ष में 12 रिफिल तक प्रत्येक 14.2 कि.ग्रा. सिलिंडर पर 200 रुपए की निर्धारित राजसहायता की शुरूआत की है।

(घ): घरेलू एलपीजी के वर्तमान खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

****

''एलपीजी के मूल्य में वृद्धि'' के संबंध में संसद सदस्य श्री नीरज डांगी द्वारा दिनांक 18.07.2022 **को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं**. 140 **के भाग** (घ) **के उत्तर में उल्लिखत अनुलग्नक।**

क्रम सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**संदर्भ बाजार**	**घरेलू एलपीजी का आरएसपी** (**रुपये**/14.2 **किलो सिलेंडर**) *
1	दिल्ली	नई दिल्ली	1053.00
2	पश्चिम बंगाल	कोलकाता	1059.43
3	महाराष्ट्र	मुंबई	1052.50
4	तमिलनाडु	चेन्नई	1043.55
5	त्रिपुरा	अगरतला	1063.02
6	मिजोरम	आइज़वाल	1060.36
7	हरियाणा	अंबाला	1063.00
8	कर्नाटक	बैंगलोर	1055.50
9	मध्य प्रदेश	भोपाल	1058.50
10	ओडिशा	भुवनेश्वर	1065.05
1 1	चंडीगढ़	चंडीगढ़	1053.71
12	उत्तरांचल	देहरादून	1055.43
13	गुजरात	गांधीनगर	1071.43
14	सिक्किम	गंगटोक	1062.05
15	असम	गुवाहाटी	1049.43
16	तेलंगाना	हैदराबाद	1064.29
17	मणिपुरी	इंफाल	1071.76
18	अरुणाचल प्रदेश	ईटानगर	1064.95
19	राजस्थान	जयपुर	1056.50
20	जम्मू और कश्मीर	जम्मू	1065.95
21	पंजाब	जालंधर	1058.29
22	नगालैंड	कोहिमा	1065.71
23	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	1055.33
24	गोवा	पणजी	1067.00
25	बिहार	पटना	1071.74
26	पुदुच्चेरी	पुदुच्चेरी	1035.76
27	अंडमान और निकोबार	पोर्टब्लेयर	1065.07
28	छत्तीसगढ़	रायपुर	1062.76
29	झारखंड	रांची	1072.74
30	मेघालय	शिलांग	1066.45
31	हिमाचल प्रदेश	शिमला	1065.67
32	केरल	तिरुवनंतपुरम	1062.00
33	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	सिल्वासा	1067.50
34	आं प्रदेश	विशाखापत्तनम	1057.05
35	ल ाख	लेह	1082.86

*गैर पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए 07.07.2022 की स्थिति के अनुसार मूल्य
स्रोत: आईओसीएल